# कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांक : उ0वि0शि0प0/डी0एल0एड0 2019–20 (1)/विज्ञप्ति 02/3571-56/2019–20 दिनांक 06 जनवरी 2020।

## दो वर्षीय डी0एल0एड0 (DElEd) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2019-20 में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए सूचना

शासनादेश संख्या : 433/XXIV(1)/2019-02/2018 शिक्षा अनुभाग–I (बेसिक) देहरादून, दिनांक 16 अगस्त 2019 एवं शासनादेश संख्या : 1028/XXIV(1)/2019-02/2018 शिक्षा अनुभाग–I (बेसिक) देहरादून, दिनांक 21 अक्टूबर 2019 में वर्णित प्राविधानों के क्रम में उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) द्वारा दो वर्षीय डी0एल0एड0 (DElEd) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा हैं। दो वर्षीय डी0एल0एड0 (DElEd) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा **दिनांक 30 मार्च 2020 को क्रमशः प्रातः 10:00 बजे से 12:30 बजे तक राज्य के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में प्रस्तावित है।** राज्य में स्थित जिला शिक्षा एंव प्रशिक्षण संस्थानों (DIET) में संचालित दो वर्षीय डी0एल0एड0 (DElEd) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु इच्छुक एवं अर्ह स्नातक योग्यताधारी अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन पत्र शासन द्वारा निर्धारित शुल्क का नकद भुगतान करने पर उत्तराखण्ड राज्य में स्थित मुख्य डाकघर एवं अन्य निर्धारित डाकघरों से **दिनांक 07 जनवरी 2020 से 03 फरवरी 2020 तक** प्राप्त किये जा सकते हैं। आवेदनपत्र (ओ०एम०आर० शीट) विवरणिका के साथ संलग्न हैं। पूरित आवेदन पत्र (ओ०एम०आर० शीट) **परिषद् कार्यालय में प्राप्त होने की अन्तिम तिथि 04 फरवरी 2020 सायं 5:00 बजे तक हैं।** पूरित आवेदन पत्र केवल पंजीकृत/स्पीड पोस्ट से ही **सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल), उत्तराखण्ड पिन कोड–244715** को प्रेषित किया जायें। **निर्धारित तिथि व समय के बाद आवेदन पत्र किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किये जायेंगे।** अतः अभ्यर्थी अन्तिम तिथि की प्रतीक्षा किये बिना यथाशीघ्र आवेदन पत्र पंजीकृत/स्पीड पोस्ट से इस प्रकार प्रेषित करें कि आवेदन पत्र निर्धारित तिथि/समय के अन्तर्गत परिषद् कार्यालय में प्राप्त हो सकें। **अधूरे, अपूर्ण अथवा गलत भरे गये आवेदन पत्र अथवा विज्ञापन के अनुसार वांछित अर्हताओं की पुष्टि न होने पर अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा, जिसकी जिम्मेदारी पूर्णतया अभ्यर्थी की होगी और इस सम्बन्ध में अभ्यर्थी का कोई दावा मान्य नहीं होगा।**

आवेदन पत्र में ओ०एम०आर० **(OMR)** आवेदन पत्र एवं विवरणिका सम्मिलित हैं। प्रवेश परीक्षा हेतु शुल्क विवरण (आवेदन पत्र के मूल्य के रूप में देय) निम्नवत है–

| श्रेणी | सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये | सभी वर्ग के निःशक्त (दिव्यांग) अभ्यर्थियों के लिये |
|---|---|---|---|
| **शुल्क दर** | **₹ 500.00** | **₹ 250.00** | **₹ 125.00** |

आवेदन पत्र निर्धारित धनराशि भुगतान करने पर राज्य के निम्नलिखित डाकघरों से प्राप्त किये जा सकेंगे–

हरिद्वार (H.P.O), रूड़की, देहरादून (G.P.O), विकासनगर, ऋषिकेश, चकराता, उत्तरकाशी, बड़कोट, नई टिहरी (H.P.O), नरेन्द्रनगर, श्रीनगर(गढ़वाल), कोटद्वार (H.P.O), पौड़ी (H.P.O), धुमाकोट, बैजरौ, गोपेश्वर (H.P.O), जोशीमठ, कर्णप्रयाग, थराली, रूद्रप्रयाग, अगस्त्यमुनि, पिथौरागढ़ (H.P.O), डीडीहाट, धारचूला, बेरीनाग, गंगोलीहाट, चम्पावत, टनकपुर, लोहाघाट, अल्मोड़ा (H.P.O), रानीखेत, भिकियासैंण, बागेश्वर, बैजनाथ (गरूड़), नैनीताल (H.P.O), हल्द्वानी (H.P.O), रामनगर, भीमताल, रूद्रपुर, काशीपुर, खटीमा एवं जसपुर।

परीक्षा से सम्बन्धित विस्तृत निर्देश उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** में **DEPARTMENTAL EXAM** के कार्नर वाले आईकॉन पर भी उपलब्ध हैं।

(डॉ0 नीता तिवारी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।